भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3464

13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बच्चों में उच्च रक्तचाप

†3464. श्री के. सी. वेणुगोपालः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बच्चों और किशोरों के बीच उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के बढ़ते प्रसार पर ध्यान दिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नियमित रक्तचाप जांच को मौजूदा बाल स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रमों जैसे कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पोषण अभियान और स्कूल-आधारित पहलों में एकीकृत किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बच्चों में अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता और अत्यधिक 'स्क्रीन टाइम' सहित जीवनशैली से संबंधित जोखिम कारकों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या उच्च रक्तचाप वाले बच्चों की शीघ्र पहचान और रेफरल के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्लूडब्ल्यू) और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को दिशानिर्देश/प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत, मोबाइल स्वास्थ्य दल (एमएचटी) आंगनवाड़ी और विद्यालयों में जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की चार 'डी': जन्मजात दोष, रोग, कमियां और विकास में देरी हेतु स्वास्थ्य जांच करते हैं। पूरे देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बच्चों की यह बुनियादी स्वास्थ्य जांच एक व्यवस्थित फॉर्मेट का उपयोग करके की

जाती है, जिसमें प्रारंभिक पहचान और प्रबंधन एवं अनुवर्ती उपचार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों में रेफरल हेतु ऊंचाई, वजन (बीएमआई) और रक्तचाप की माप शामिल है।

(ग): भारत सरकार राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) का कार्यान्वयन करती है, जिसके अंतर्गत देश भर में किशोर-हितैषी स्वास्थ्य केंद्र (एएफएचसी) स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों में किशोरों को किशोर संबंधी प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दों पर परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें संतुलित और पौष्टिक आहार का महत्व, स्वस्थ शरीर बनाए रखने में शारीरिक क्रियाकलाप की भूमिका और स्क्रीन टाइम कम करना शामिल है। स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्ल्यूपी) के हेल्थ ऐंड वेलनेस ऐम्बैसडर (एचडब्ल्यूए) पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वस्थ विकास और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने सहित 11 विषयों पर नियमित सत्र आयोजित करते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विद्यालयों और समुदाय में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री, जिसमें श्रव्य-दृश्य सामग्री भी शामिल है, के प्रसार के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

(घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में अग्रिम पंक्ति के स्टाफ, जैसे आरबीएसके के तहत मोबाइल स्वास्थ्य टीमें (एमएचटी), उच्च रक्तचाप से पीड़ित बच्चों की शीघ्र पहचान करने और रेफरल के लिए आरबीएसके जॉब ऐड एण्ड रिसोर्स मैनुअल का उपयोग करके नियमित रूप से प्रशिक्षित की जाती हैं।

******